## एक नजर में

### भव्यता और भक्ति से ओतप्रोत रहा संजा समापन समारोह



**मंदसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा 12 मार्च से 28 मार्च तक शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संजा कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इन आयोजनों का भव्य समापन समारोह 28 मार्च को सायं 8 बजे से 10 बजे तक बंडी जी के बाग में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें जे.के. बडजात्या लोकेन्द्र जैन, भूता, विनाली मेहता सारिका बाकलीवाल, निधि बोधा, पुष्पा राका, अनिता धींग एवं नीलू गांधी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का मंगलारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नव निर्वाचित सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जी जैन एवं वर्तमान अध्यक्ष जे.के. बडड़ात्या की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी अतिथियों का महिला प्रकोष्ठ द्वारा माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन किरण राव द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं सुसंगठित रूप में किया गया, जिससे पूरा आयोजन क्रमबद्ध एवं आकर्षक बना रहा। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की बीओडी सदस्यों द्वारा भगवान महावीर स्वामी की माता द्वारा देखे गए चौदह स्वप्नों का अद्भुत एवं मनमोहक नृत्य-नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और संपूर्ण परिसर भक्ति एवं आध्यात्मिकता के रंग में रंग गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने पूरे आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की। महिला प्रकोष्ठ के इस प्रयास ने न केवल धार्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखा, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक चेतना का भी सशक्त संदेश दिया। अंत में सभी के सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया। यह समस्त जानकारी प्रवक्ता अनीता धींग द्वारा प्रदान की गई।

### गुजराती सेन समाज के चुनाव कल, बंजारी बालाजी प्रांगण में

**मंदसौर।** गुजराती सेन समाज निर्वाचन समिति ने घोषणा की है कि समाज के चुनाव 31 मार्च को बंजारी बालाजी प्रांगण में आयोजित किए जाएंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष एवं युवा अध्यक्ष का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, जिसके बाद नए नेतृत्व के लिए यह चुनाव रखा गया है। निर्वाचन समिति को अब तक वरिष्ठ अध्यक्ष एवं युवा अध्यक्ष पद हेतु नामांकन प्राप्त हो चुके हैं। समिति ने स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अध्यक्ष पद हेतु नामांकन शुल्क रू. 11,000 तथा युवा अध्यक्ष पद हेतु नामांकन शुल्क रू. 11,000 निर्धारित किया गया है। चुनाव की सूचना जिले के प्रत्येक गाँव में निमंत्रण पत्रिका के माध्यम से भेजा जा चुका है। अनुमान है कि इस अवसर पर 1500 से 2000 समाजजन उपस्थित रहेंगे। सभी व्यवस्थाएँ समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे सेन समाज के आराध्य देव सेन जी महाराज की महाआरती से होगा, जिसके पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी सभी समाज जनों की वही रहेगी निर्वाचन समिति ने समाज के सभी जिले के समाज जनों अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाएँ। साथ ही, सभी से अनुरोध किया गया है कि वे आधार कार्ड साथ लेकर आएँ।

### नगर पालिका की बजट बैठक आज

**मंदसौर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन ने बताया कि दिनांक 30 मार्च सोमवार को सुबह 11.30 बजे नगर पालिका सभागृह में नगर पालिका परिषद की बजट बैठक नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। इस बजट बैठक में नगर पालिका राजस्व सभापति कौशल्या बंधवार वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करेगी बजट बैठक में शामिल होने हेतु सभी पार्षदों को इसका सूचना पत्र भेजा गया है।

## विधायक जैन ने प्रदान किए डे केयर सेंटर पर खेल पुरस्कार

**मंदसौर। अभिजीत स्मृति खेल पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। विधायक विपिन जैन के मुख्य आतिथ्य, श्रवण कुमार त्रिपाठी, डॉ. उर्मिला तोमर, नरेंद्र भावसार के विशेष आतिथ्य व डॉ. देवेंद्र पुराणिक की अध्यक्षता में डे केयर सेंटर पर कार्यक्रम हुआ।**



अतिथियों ने भारत माता एवं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। प्रेरणा गीत राजेंद्र पोरवाल ने प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत पुष्प माला से चंद्रकांत शर्मा, आनंदीलाल पांडे, अशोक नागदा, शिवनारायण व्यास, के.एफ. नरणिया, कोमल बनवार, धर्मेंद्र शर्मा, विष्णु लाल भगानिया, प्रहलाद सोनी, राहुल राठौर, नरेंद्र कुमार शर्मा, अजय डांगी, चंदा डांगी, रमेश चंद सोलंकी, अज़ीज़ुल्लाह ख़ान आदि वरिष्ठ जनों ने किया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय वरिष्ठ जन सेवा केंद्र वरिष्ठजनों की गतिविधियों का केंद्र है। यहां दिन भर वरिष्ठ जन आपस में मिलजुल कर कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस जैसे खेलों से जुड़कर अपने आप को स्वस्थ एवं सक्रिय रखते हैं। मुझे यह जानकर बड़ी प्रसन्नता हुई कि यहाँ प्रतिवर्ष इन खेलों की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती है, जिसमें नगर के गीतकार नंदकिशोर राठौर ने अपने पुत्र अभिजीत की स्मृति में खेल पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रदान करने की घोषणा की है, जो अनुकरणीय है। अभिजीत स्मृति वरिष्ठ जन खेल पुरस्कार वरिष्ठ जनों में खेल के प्रति रुचि जागृत करते हैं, जो वरिष्ठ लोगों को सक्रिय एवं स्वस्थ बनाए रखती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर देवेंद्र पुराणिक ने कहा कि संस्था वरिष्ठों की दैनिक गतिविधियों का केंद्र है। यहाँ वाचनालय के साथ कैरम, टेबल टेनिस, शतरंज की गतिविधियों के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियां भी संचालित होती हैं। जन्मदिन उत्सव, होली-दीपावली मिलन एवं समसामयिक विषयों पर चर्चा आयोजित कर समाज को सकारात्मक संदेश प्रदान करते हैं।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद संरक्षक डॉक्टर उर्मिला तोमर ने कहा कि वरिष्ठ जन अनुभव का खजाना होते हैं। अपने अनुभव एवं सक्रिय योगदान सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों में साझा करें। जैसा विधायक शिवना शुद्धिकरण में लगातार कार्यरत हैं, हमें भी इस कार्य में आपका सहयोग करना चाहिए।

अध्यक्ष नरेंद्र भावसार ने कहा कि आज पूरा विश्व युद्ध की विभीषिका से जूझ रहा है। हमें गैस-तेल का सूझबूझ से उपयोग करना चाहिए। हमारे लिए तेल के कुओं से भी महत्वपूर्ण जल के कुएं हैं।

खेल पुरस्कारों का वितरण-टेबल टेनिस में अतुल पालीवाल विजेता एवं शांतिलाल वर्मा उपविजेता रहे। शतरंज में अतुल पालीवाल विजेता एवं रमेश चंद्र पुरोहित उपविजेता रहे। कैरम में शांतिलाल वर्मा विजेता एवं अतुल पालीवाल उपविजेता रहे। विजेता खिलाड़ियों को स्मृति में मोमेंटो प्रदान कर एवं पुष्प हार पहनाकर उनका स्वागत किया गया।



## देवडूंगरी माता मंदिर में वाड़ी विसर्जन का आयोजन, भक्तों ने मांगी मन्नतें

**मंदसौर।** माह चैत्र, नव रात्री पर्व पर दूर्गा नवमी के उपलक्ष्य में शनिवार को देव डूगंरी माता मंदिर रेवा देवड़ा रोड मंदसौर पर वाडी विसर्जन का आयोजन सम्पन्न हूआ। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नव रात्री के नौ दिनों तक मातारानी की उपासना हुई। घट स्थापना से लेकर प्रतिदिन नियमित मंदिर मे नौ दिनों तक भक्तों का तांता लगा रहा और अतिंम दिवस दूर्गा नवमी को जय अम्बें, देव डूगंरी माता भक्त मंडल रेवास देवड़ा रोड़ के द्वारा वाड़ी विसर्जन का आयोजन सम्पन्न हूआ।

वाड़ी विसर्जन मे माता देव डूगंरी के पंण्डाजी को माता का भाव आया और भक्तों को मातारानी ने धन, धान्य और खेती व्यापार, सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया। वाड़ी विजर्सन के आयोजन में देवडूगंरी माता भक्त मंण्डल के बंशी लाल राठौर, राधेश्याम मारू, जगदीश बैरागी मौजुद थे। व्यापार व्यावसाय, खेती किसानी को लेकर आगंतुक क्षेत्र वाससियों ने भविष्य में अच्छी उपज और आय के साथ ही बीमारियों पर रोग द्वोष मुक्त रहने कि मन्नतें कि गई। क्षेत्रवासीयों सहित कई दर्शनार्थी ने देवडूंगरी माता के जयकारे लगाए और वाड़ी विसर्जन मे शामिल हुए। इस असवर पर भक्त मंण्डल के सदस्यों द्वारा सम्मान स्वरूप देवडूगंरी माता के पंण्डाजी ईश्वर मीणा का साफा बंधवाया गया।



## प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला वैचारिक-संगठनात्मक मार्गदर्शन

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक सशक्तिकरण के उद्देश्य से जिले के सभी मंडलों में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों के तहत मंदसौर, मल्हारग? एवं सुवासरा विधानसभा क्षेत्रों के शेष मंडलों में प्रशिक्षण सत्र 28-29 मार्च को सम्पन्न हुए। इन वर्गों में कुल आठ सत्र आयोजित कर कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा एवं कार्यप्रणाली से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

प्रशिक्षण वर्गों में सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रशिक्षित एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर संगठन निरंतर सशक्त और गतिशील बनता है। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने प्रशिक्षण को नई सोच और प्रेरणा का माध्यम बताया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, विधायक हरदीपसिंह डंग, देवीलाल धाकड़, राधेश्याम पाटीदार सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियां, संगठन की कार्यपद्धति, वैचारिक आधार, बूथ प्रबंधन, पार्टी का इतिहास तथा डिजिटल माध्यमों की उपयोगिता जैसे विषय शामिल रहे।

**एक नजर** विधायक विपिन जैन, सजैस अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन सहित कई अतिथि शामिल

## मंदसौर में सकल जैन समाज वीर पुत्र जयम ने किया वीर पुत्र सम्मेलन

**मंदसौर।** सकल जैन समाज वीर पुत्र जयम के द्वारा रविवार को तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में वीर पुत्र सम्मेलन का आयोजन महावीर मार्ग तिराहे पर किया गया।




शुरूआत में सकल जैन समाज वीर पुत्र जयम के द्वारा महावीर मार्ग द्वार पर ध्वजारोहण भी अतिथियों के द्वारा कराया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित जैन समाज के गणमान्य महानुभावों ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर समाज में एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि मंदसौर विधायक विपिन जैन की गरिमामय उपस्थिति में सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला ने जैन ध्वज फहराया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथिगण पूर्व मंत्री नरेन्द्र नाहटा, सकल जैन समाज के महामंत्रीगण शेखर कासमा, मनीष सेठी, प्रताप कोठारी, कोषाध्यक्ष अनिल जैन नगरीवाला, निवृर्त्तमान अध्यक्ष जयकुमार बडजात्या, उपसंयोजक संजय मुरड़िया, अरविन्द मेहता, अशोक मारू, वीर पुत्र जयम संवाहक राजमल गर्ग, प्रभारी महासचिव अक्षय मारू, सिद्धार्थ पामेचा, युवा प्रकोष्ठ महामंत्री कमलेश कटारिया, सजैस प्रवक्ता विजेन्द्र फांफरिया भी मंचासीन थे। सभी मंचासीन अतिथिगणों ने भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर माल्यार्पण भी किया। पहली बार महावीर तिराहे पर स्थित महावीर द्वार पर वीर पुत्र सम्मेलन का आयोजन किये जाने पर मंदसौर के सभी जैन समाजजनों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि मंदसौर विधायक विपिन जैन ने कहा कि वर्तमान समय में जब पूरे विश्व में अशांति है, युद्ध हो रहे है और हजारों लोग मारे जा रहे है ऐसे समय में भगवान महावीर के विचारों की सबसे अधिक आवश्यकता है। भगवान महावीर के विचारों को आत्मसात करके ही हम विश्व शांति, सद्भाव मैत्री का भाव उत्पन्न कर सकते हैं। आपने इस अवसर पर वीर पुत्र सम्मेलन के आयोजन की भी सराहना की और सभी को भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें भी दीं।

सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला ने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांतों को सच्चे अर्थों में आत्मसात करने की जरूरत है जब हम महावीर के जियो और जीने दो का सिद्धांत अपनाएंगे तो शांति सद्भाव का वातावरण बनेगा।

# नीमच

## एक नजर में

### शाश्वती नव पद ओली की तपस्या प्रवाहित

**नीमच।** जैन श्वेतांबर भीड़ भंजन पारसनाथ मंदिर ट्रस्ट श्री संघ नीमच के तत्वाधान एवं सागरआनंद सूरी जी महाराज साहब की समुदाय वर्तनी नरदेव सागर सूरी जी महाराज साहब की आज्ञा निवर्धिनी शासन प्रभाविका साध्वी मुक्ति प्रिया श्री जी एवं साध्वी मृदु प्रिय श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा की पावन निश्रा में नव पद शाश्वत चैत्र मास की शाश्वती जी की तप आराधना के पावन उपलक्ष्य में धार्मिक तपस्याएं आयोजित की जा रही है। ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल नागौरी सचिव मनीष कोठारी ने बताया कि नव पद शाश्वत ओलीजी कार्यक्रम की श्रृंखला में ओली तपस्या का शुभारंभ 25 मार्च को सुबह 11:30 बजे जैन भवन में आयम्बिल तपस्या से प्रारंभ हुआ। 31 मार्च मंगलवार को महावीर प्रभु का जन्म कल्याण महोत्सव मनाया जाएगा, 2 अप्रैल पूर्णिमा गुरुवार को देवंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा 3 अप्रैल सुबह 8 बजे शुक्रवार को पारणा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ओली की तपस्या के लाभार्थी मांगीलाल प्रेमलता कमलेश डॉक्टर ईति मधु इंदिरा सीमा कुसुम नीमच इंदौर परिवार होंगे। प्रतिदिन अमृत प्रवचन सभा 10 बजे तक पुस्तक बाजार स्थित अखेसिंह रेशम देवी कोठारी नवीन आराधना भवन पर आयोजित होंगे।

### मोटर साईकिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति को डायल-112 जवानों ने पहुंचाया अस्पताल



**नीमच।** जिले थाना कुकडेश्वर क्षेत्र मनोटी गाँव के पास रोड पर मोटर साईकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनाँक 28-03-2026 को रात्रि 09 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल थाना कुकडेश्वर में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक अनिल असवार एवं पायलेट राहुल भट्ट ने मौके पर पहुँचकर बताया कि मोटर साईकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था, डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घायल व्यक्ति को एफआरव्ही वाहन की मदद से शासकीय चिकित्सालय मनासा में भर्ती करवाया, जहाँ घायल व्यक्ति का उपचार किया जा रहा है।

### पर्यावरण मित्रों ने पेड़ पौधों की सुरक्षा के लिए पतझड़ और गंदा कचरा किया एकत्रित

**नीमच।** आमजन एवं शहरवासियों को को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के साथ शुद्ध वायु आक्सीजन प्राप्त हो के उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच निरन्तर अभियान चला कर शहर से गांव तक पर्यावरण संरक्षण के कार्य में जुटी हुई है अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने रविवार दिनांक 29 मार्च 2026 को प्रात: 7 से 10 बजे तक गांधी नगर स्थित स्मृति वन परिसर में रोपित पेड़ पौधों को पानी पिलाया एवं परिसर से गंदा कचरा एवं पतझड़ को एकत्रित कर परिसर में ही जैविक खाद हेतु पतझड़ को गड्ढे में डालने के साथ ही पेड़ पौधों की सुरक्षा हेतु परिसर की तार फेसिंग को सुधारा, संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि वर्तमान समय में पतझड़ का मोसम चल रहा है, पुर्व रोपित पोंधे अब पेड़ का आकार ले चुके हैं पतझड़ के साथ पेड़ो पर नई कोपलें फुट रही है, पेड़ पोंधो के निचे बिखरे पड़े सुखे पतों में आग लगने से पेड़ पौधों को नुक्सान होता है इसलिए उनकी सुरक्षा करना आवश्यक होता है, वर्तमान समय में भाटखेडा से डुंगलावदा तक सड़क निर्माण कार्य से परिसर की तार फेसिंग क्षतिग्रस्त हो गई है।

## जावद बस स्टैंड पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज, महापुरुषों को किया याद

▸ **संगठन को मजबूत करने की दृष्टि से निरंतर हो रहा है यह आयोजन : यादव**

**नीमच।** कांग्रेस सेवादल जिला नीमच द्वारा राष्ट्रस्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को राष्ट्रीय ध्वज फहराने का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल 29 मार्च को सेवादल के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष गजेंद्रसिंह यादव (ठेकेदार) के नेतृत्व में जावद तहसील मुख्यालय के बस स्टैंड परिसर में झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी एवं सेवादल के वरिष्ठ पदाधिकारीयों की विशेष उपस्थिति में सर्वप्रथम बस स्टैंड परिसर जावद में विराजमान लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और स्वर्गीय घनश्याम पाटीदार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई और उन्हें याद किया गया।



उसके पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा के सम्मुख संगठन द्वारा निर्धारित समय प्रात:10:30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। झड़ा वंदन कर राष्ट्रीय गान गाया गया और सभी कांग्रेसजन ने ध्वज को सलामी दी। कार्यक्रम के दौरान सेवादल जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह यादव, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत कांठेड़ व अनिल चौरसिया ने अपना उद्बोधन दिया और कहां की कांग्रेस पार्टी को मजबूत और एकजुट करने की दृष्टि से यह ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को देश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई, सेवादल के महाराष्ट्र प्रभारी योगेश यादव एवं सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव के आदेश पर प्रत्येक जिले में आयोजित हो रहा है।

अब तक यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर गांधी भवन कार्यालय में आयोजित हो रहा था, लेकिन अब संगठन के दिशा निर्देश पर तहसील मुख्यालय पर यह कार्यक्रम आयोजित होगा। सर्वप्रथम यह कार्यक्रम जावद तहसील मुख्यालय पर आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में कांग्रेस सेवादल के जिला संगठन मंत्री जावेद दुर्रानी, शिव हरे, भुवान सिंह राजपूत, बृजेश सक्सेना, शंभू दान, मदन सिंह धानका, संजय जोशी, सतीश नागला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिसोदिया, सेवादल जिला प्रवक्ता पंकज ऐरन, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ओम राव, भूपेंद्र बाबा बोहरा, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, सेक्टर अध्यक्ष विजय तिवारी, पार्षद पुराण चंदेल, रमेश ग्वाला, कंवरलाल पाल, मधुसूदन पांडे, घनश्याम बगड़, गोविंद राठौड़, कोमल भटेवरा, राजेंद्र ऐरन, महेश धाकड़, शौकीन धाकड़, लाभचंद सांवलिया, रघु भाई सोलंकी, बनवारी सोनी, फजल नबी, दिनेश वेध, देवेंद्र हंसवाला, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पाटीदार सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सेवादल जिला कोषाध्यक्ष इलियास कुरैशी ने किया, वहीं अंत मे ओम प्रकाश राव ने आभार माना।

## नगर पालिका में एल्डरमैन की नई सूची जारी, 6 नामों पर लगी मुहर

▸ **पुलिस वेरिफिकेशन के बाद मिलेगा पूरा अधिकार**

**नीमच। जिले में नगर परिषदों के बाद अब नीमच नगर पालिका क्षेत्र से भी एल्डरमैन (नामनिर्दिष्ट पार्षद) की नई सूची सामने आई है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत शहर के 6 लोगों को नामित किया गया है, जिससे स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है।**

जारी सूची के अनुसार जिन नामों पर मुहर लगी है, उनमें शांतिलाल गुप्ता पिता बंशीलाल गुप्ता, वार्ड नं. 30, मकान नं. 208, स्कीम नंबर 34, नीमच, मनीषसिंह बैस पिता मोहन सिंह बैस, वार्ड नं. 4, 52 विक्रम मार्ग, सरदार मोहल्ला, नीमच सिटी, लता हरित पति हेमन्त हरित, वार्ड नं. 23, मकान नं. 8, स्कीम नंबर 7, नई आबादी, नीमच, अरुणा तलरेजा पति चन्द्रप्रकाश तलरेजा, वार्ड नं. 26, मकान नं. 76, सिंधी कॉलोनी, नीमच, शंकर बंसल पिता स्व.माणकचंद बंसल, वार्ड नं. 22, कुम्हारा गली, नीमच, हरभजन सलूजा पिता स्व. मोहनसिंह सलूजा, वार्ड नं. 31, कृष्णा सदन, नीमच।

> **शहर में चर्चाओं का दौर शुरु**
>
> इस नई सूची के जारी होते ही शहर में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है और इसे आगामी स्थानीय राजनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है। नीमच जिले सभी नगर परिषदों में एल्डरमैन सूची जारी, नामों का पूरा ब्यौरा सामने, पुलिस वेरिफिकेशन के बाद मिलेंगे अधिकार नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जिले की सभी नगर परिषदों में एल्डरमैन (नामनिर्दिष्ट पार्षद) की सूची जारी कर दी गई है।

बताया गया है कि सभी नामांकित व्यक्तियों की नियुक्ति फिलहाल पुलिस सत्यापन (वेरिफिकेशन) के अधीन रहेगी। सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही इन्हें आधिकारिक रूप से एल्डरमैन के अधिकार प्रदान किए जाएंगे।

**एक नजर** जय जय गुरुदेव के जयकारो से गूंज उठी नगर की पावन धरा जगह जगह हुआ पाद प्रक्षालन

## जिनबिम्ब जिनेन्द्र प्रणम्य सागर महाराज ने किया नगर में भव्य मंगल प्रवेश

**सिंगोली। आचार्य श्री 108 विद्या सागर जी महाराज एवं नवाचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद और अर्हं योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में दिगंबर जैन समाज द्वारा आगामी 2 अप्रैल से 7 अप्रैल तक आयोजित होने वाले भव्य पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत**



29 मार्च रविवार को प्रात: 7:30 बजे नगर की पावन धरा उस समय श्रद्धा भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठी जब गुरुदेव प्रणम्य सागर जी महाराज का 10 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ मंगल प्रवेश में जैन समुदाय के बड़ी संख्या में महिला पुरुष, युवक युवतियां भगवान महावीर के भजनों पर नाचते गाते चल रहे थे। मंगल प्रवेश में मशक पार्टी, बैंड और रथ थे तो वहीं गुरुदेव के स्वागत में जगह जगह आकर्षक रंगोली बनाई गई थी। महिलाएं कमल के फूल लेकर नाचते गाते गुरुदेव की अगवानी कर रही थी इस दौरान राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर गुरुदेव का पाद प्रक्षालन कर उनसे आशीर्वाद लिया गया।इससे पूर्व बड़े स्तर पर पूरे नगर को पूरी तरह विद्युत सज्जा एवं प्रवेश द्वार और बैनर पोस्टर से सजाया गया।नगर प्रवेश और नगर भ्रमण के बाद विद्या सागर संत निलय में गुरुदेव के अमृत प्रवचन का लाभ समस्त समाज जनो ने लिया।मंगल प्रवेश के दौरान सकल जैन समाज के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं कोटा, भीलवाड़ा, बिजौलिया, बूंदी, रावतभाटा, सहित अन्य शहरों के जैन समाज के श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। सुरक्षा के मद्देनजर थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था रखी।इस दौरान जावद प्रभारी एसडीएम पराग जैन, प्रभारी तहसीलदार बालकृष्ण मकवाना ने भी विद्या सागर संत निलय पहुंचकर गुरुदेव प्रमण्य सागर जी महाराज का आशीर्वाद लिया।